पत्रिका

परीक्षा में सफलता के लिए बताए गुर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

श्रीकोलायत. कस्बे के राजकीय बालिका महाविद्यालय में आगामी परीक्षा तैयारी के तहत तैयारी जीत की विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। सहायक प्राचार्य राजेन्द्र सुथार ने कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए बालिकाओं को अभी से तैयारी में जुटने की जरूरत है। नियमित रूप से पढ़ाई करना ही सफलता की कुंजी है। बालिकाएं टाइम टेबल तैयार करें तथा प्रत्येक विषय पर ध्यान दें, जिससे परीक्षा में तनाव से मुक्त रह सके। इस दौरान डॉ. सुखपाल कौर, प्रियंका श्रीमाली, राजशेखर पुरोहित तथा विकास संगरिया ने भी अनुभव साझा किए।

Date: 01/03/2023, Edition: Bikaner Zila, Page: 6
Source : https://epaper.patrika.com/